अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 15 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण त्रयोदशी
विक्रम संवत 2083

PAGE NO : II MIDDLE

विविध

■ **क्रिकेट टूर्नामेंट :** श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भोजीपुरा स्थित खेल मैदान पर सुबह 8:00 बजे से।

PAGE NO : IV BOTTOM

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टूर्नामेंट आज से

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल टूर्नामेंट का आयोजन बुधवार से होने जा रहा है। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) के मैदान पर आयोजित होने वाले इस खेल महाकुंभ में इस बार क्रिकेट का सातवां और फुटबॉल का दूसरा सीजन खेला जाएगा। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन और बरेली फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में शहर के कुल 36 स्कूलों की टीमें अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन समिति के सचिव डॉ. शोभित सक्सेना ने बताया कि इस वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता में 22 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें चार अलग-अलग समूहों (ग्रुप ए, बी, सी और डी) में बांटा गया है। फुटबॉल प्रतियोगिता में 14 टीमें दमखम दिखाएंगी, जिन्हें दो ग्रुपों में रखा गया है। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार को मुकुंद इंटरनेशनल और सेक्रेड हार्ट्स के बीच होने वाले मैच से होगा। क्रिकेट के मुकाबले 15 से 25 अप्रैल तक चलेंगे, जिसमें कुल 21 मैच खेले जाएंगे। फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 21 अप्रैल को एयर फोर्स स्कूल और जयपुरिया स्कूल के मुकाबले से होगी। फुटबॉल में कुल 13 मैच होंगे। संवाद